Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

# संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
# SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI- 39/2021-23 दिनांक : 22.06.2022

सेवा में,

श्री कृष्णा नन्द झा जी,
माननीय सदस्य, नीति आयोग
भारत सरकार।

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

भारत सरकार के नीति आयोग में आपके मनोनयन से चैम्बर अत्यंत हर्षित है। यह देवघर के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। भारत के प्रमुख नीति निर्धारण के लिए जिम्मेदार नीति आयोग में आपके रहने से आपके सुलभ व्यक्तित्व, आपके लंबे अनुभव और विकास के दूरगामी सोच के कारण देश को लाभ मिलना लाजिमी है। आपके हिन्दी भाषा के विकास में महती योगदानों से देश में हिन्दी के विस्तार और राष्ट्रीय स्वरूप में प्रगति निश्चित है।

न सिर्फ हिन्दी भाषा के विस्तार बल्कि अन्य विकास कार्य के नीति निर्धारण में भी आपके प्रयास उल्लेखनीय होंगे – ऐसा विश्वास है। चैम्बर प्रफुल्लित है कि नीति आयोग में आपके होने से देवघर के लिए लंबित और नए योजनाओं की आकांक्षा पूरी होगी। धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से देवघर में चतुर्दिक विकास की योजनाएं आएगी। दूसरी तरफ औद्योगिक विस्तार और रोजगार के क्षेत्र में भी देवघर सहित पूरे संताल परगना को नीति आयोग में आपके होने का लाभ मिलेगा।

देवघर में प्रस्तावित 4000 मेगावाट के अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट, नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरीडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के निर्माण में अपेक्षित प्रगति आपके प्रयास से पूरे होंगे। वहीं पड़ोस के बांग्लादेश में टेक्सटाइल की असीम प्रगति को देखते हुए इस क्षेत्र में टेक्सटाइल उद्योग की अपार संभावनाएं और अनुकूल परिस्थितियां मौजूद है। ऐसे में यहां टेक्टाइल पार्क की स्थापना फायदेमंद होगी। देवघर को एजुकेशनल हब बनाने के प्रयास भी हो सकते हैं। ऐसी अनेक संभावनाएं इस क्षेत्र के विकास में कारगर होगी जिसमें आपकी बड़ी भूमिका होगी।

हमें पूरी उम्मीद है कि आप जैसे सक्षम व्यक्ति का नीति आयोग में होने मात्र से न सिर्फ अपने क्षेत्र, प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए योजनाएं तैयार करने में आपकी महती भूमिका होगी।

आलोक कुमार मल्लिक प्रमोद छावछरिया
अध्यक्ष महासचिव

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)